मैं नाचू तेरे अंगना में

ओढ़ के चुनरिया लाल मैं नाचू तेरे अंगना में,
मैं नाचू तेरे अंगना में मैं नाचू तेरे अंगना में....

पाँव में अपने बांध के घुंगरू,
आठो पहर तेरे नाम को सिमरु,
और बजाऊ खड़ताल मैं नाचू तेरे अंगना मे,
ओढ़ के चुनरिया लाल मैं नाचू तेरे अंगना में...........

लाल लाल चुदडी लाल लाल चोला,
रूप बड़ा है माँ का अनमोला,
शक्ति अजब कमाल मैं नाचू तेरे अंगना मे,
ओढ़ के चुनरिया लाल मैं नाचू तेरे अंगना में...........

बिन तेरे मोहे कुछ ना भावे,
व्याकुल मन मेरा चैन ना पाए,
कर दे पूरा सवाल मैं नाचू तेरे अंगना मे,
ओढ़ के चुनरिया लाल मैं नाचू तेरे अंगना में...........

भवन में तेरे दीपक जागे,
पान सुपारी चढ़े तेरे आगे,
आऊँगी दर हर साल में नाचूँ तेरे अंगना मे,
ओढ़ के चुनरिया लाल मैं नाचू तेरे अंगना में...........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25627/title/main-naachu-tere-angana-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |